देखो लोगो ले गया कोई मुझ को लूट । आह मेरी तक़दीर गई अब सारी फूट

छन्द

इस चोर का पता कहीं जाकर लगाऊं मैं । क्या २ करूं न हाल अगर उसको पाऊं मैं ।
इस चोरी का मज़ा अभी उसको दिखाऊं मैं । शहज़ादा अपना छीन के उससे ले आऊं मैं ।

जवाब देना वज़ीरज़ादी का शहज़ादी को

प्यारा तेरा हाल सुन गये होश सब छूट । आता है दिल में यहीं लीजे छानी कूट ।

छन्द

आता नहीं है अक़्ल में किस तरफ़ जाऊं मैं । उस बेख़बर का जाके ठिकाना लगाऊं मैं
क्या क्या न उसके पीछे बलायें लगाऊं मैं । जैसा रुलाया उसने भी उसको रुलाऊं मैं ।

ग़ज़ल शहज़ादी

क्या क्या दिखाये चर्ख़ सितमगार देखिये । जो आगे आये बस उसे लाचार देखिये ।
गुलचीं को चाहिये नहीं बुलबुल पै ये सितम । बरबाद सारा कर दिया गुलज़ार देखिये
कैसा था चोर ले गया शहज़ादे को उठा । हरगिज़ छुआ न ये ज़र वो दीनार देखिये
आई न रास मुझको कभी ये शबे विसाल । खोया न आख़िर शब को मेरा यार देखिये
मिटती नहीं कभी अरी ये होने वाली बात । नाहक़ जो मुझसे करती है तकरार देखिये
उम्भर मिला हमें न मज़ा इस जवानी का । योंहीं चलाये हुस्न तरहदार देखिये ।
दिल में ये आरज़ू है कि उस गुल बदन के साथ । कुछ लुत्फ़ पीके बादए गुलनार देखिये

ग़ज़ल वज़ीरज़ादी

तेरी बग़ल में जब न तेरा यार देखिये । क्योंकर न दिल में सैकड़ों आज़ार देखिये
तक़दीर से मिला मुझे फ़स्ले बहार में । गुल के यवज़ न सी वह आखार देखिये ।
बारी ये चोर है नहीं ये सीनेज़ोर है । तेरी बग़ल से गुम हो तेरा यार देखिये ।
मैंने कहा था वस्ल में कोठे पै तू न सो । आख़िर न पाया सदमा दिलदार देखिये
इस सानिहे पै आता है क्या २ नहीं ख़याल । बजा है जानेजां मेरी गुफ़्तार देखिये ।
हैं हैं न वस्ल भी तुझे जानी हुआ नसीब । और हो गई तू हिज्र में बीमार देखिये ।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दिल्में ये थी हवस कि मिलाकर गये विसाल। शहज़ादे शहिज़ादी को सा सार देखिये।

शहज़ादी का गाना

विन पिया रात लगें मोहि भारी + । सखी वर्षा रुतु अधिकारी + ।

विन पिया रात लगें मोहि भारी

दामिन दमक दमक दमकारी + । कोयल कूकत कारी + + + ।

पापी पपीहा मेरो प्रान लेत है + । मैं बिरहा की मारी + + + ।

विन पिया रात लगें मोहि भारी

मेघवा गरज गरज घहराई + । बूंद परत अधिकारी + + ।

नैन नींद गई है उन बिन + + । तलफत में रई भारी + + ।

निस दिन जरत बरत बिरहा में + । उठत नहीं दुख भारी + + ।

कहो मदारी लाल पिया से + । अब तो लेवो सुध हमारी + + ।

दोहरा शहज़ादी

हे २ दिल्को मेरे ले गया वह तो मेरे निकाल। तड़पा करो मैं यां पड़ी रोती रही न ढाल।

जवाब वज़ीर ज़ादी

आया ये अफ़सोस है इस दम मुझे कमाल। दिल्वर का किस वक्त में तुझको हिया मलाल

ग़ज़ल कहिना शहज़ादी का वज़ीर ज़ादी से एक एक शेर में

बैठी हूं जिसपे आह में अपना लगाये दिल। वह देखबेन आये मेरे ज़ख़्म हाथ दिल

जब से वह ले गया मेरे दिल्को निकाल कर। छाती पकड़ के रह गई मैं कहके हाय दिल

आजाय इक दम के लिये गर वह मेहलक़ा। कुछ दर्द की कहानी तो अपनी सुनाये दिल

किस्तरह उस्की याद न आठों पहर रहे। जिस्के सबब से प्यारे मज़ा कुछ उठाये दिल

सदमे गमे फिराक़ के जिस्ने उठाये हैं। इन बेमुरोव्वतों से वह अपना फंसाये दिल

दाम बला है नायर दिल्के फंसाने को। गेसुये यार हैं नहीं ये हैं मिलाये दिल।

क्या २ दिखाये दिखिये आगे मदारी लाल। क़ाबू में हो गया है ये अब तो पराये दिल

जवाब देना वज़ीर ज़ादी का शाहज़ादी को एक एक शेर में ॥

बारी मैं कोई दम तो भला चैन पाये दिल। इस ग़म में कोई और न सदमा उठाये दिल

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गर आहोव नाले का हो तेरे दिलै कुछ असर। दामन पकड़ के उसका अभी खींच लाये दिल
मैं वह से कहि थी न दे दिल को हाथ से । देखा न आखिर शकों य तूने बफ़ाये दिल
ये जान चाहे दोस्त कहीं इस ज़माने में । होवे जो अपने दिल से कोई आशनाय दिल
हो दर्द कुछ अगर सहे न अपनी जान पर । दर्दे ग़मे फिराक़ को क्यों कर उठाये दिल
जो कुछ हुआ है तेरे ये क़िस्मत जो लिखा। ज़ुल्फ़ों में फंस्के सैंकड़ों भटके उड़ाये दिल
अब तो मदारी लाल यही क़ौल है मेरा । जिस्को फंसाले चर्ख वह अपना लगाये दिल

मलार गाना शाहज़ादी का

बहं शोर बदरिया छाई + + । बड़े २ बूंदन से घिर आई + ।
बिजुली चमके मेघा बरसे जिया मोरा डरपाई । अब तो मदारी लाल शाहज़ादे बिन कुछ मोहि न सुहा

फाग गाना शाहज़ादी का

मोहि उन बिन कल न पड़े

कहा करूं कुछ बन नहिं आवे + । रैन नहिं धीर धरे + + + ।
प्रान हमारे बस गये उन में + । चितसे नहिं उतरे + + + ।

मोहि उनबिन कल न पड़े

ढूंढ फिरी मैं सगरे नगर में + । नैनन नीर भरे + + + ।
दास मदारी लाल पिया बिन + । जोबन जात ढरे + + + ।

मोहि उन बिन कल न पड़े

गाना शाहज़ादी का बंगले में

मोरा जिया मानेना

बिन पिया के लाख तरह समझाऊं + । समझाऊं सो मोरा जिया मानेना + ।
हमको छोड़ रहे सौतिन घर + । मन में है बिस खाऊं + + ।
बिस खाऊं सो मोरा जिया मानेना । कहो मदारी लाल से जाकर + ।
तुक शाहज़ादे को पाऊं + + । सो मोरा जिया माने ना + + ।

ठुमरी गाना शाहज़ादी का शाहज़ादे के फिराक़ में

ढले जात जोबनवां रे दिन दिन ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

उनही पर निस दिन ध्यान लगाये + । श्याम सुन्दर पर जियरा गँवाये + ।
दिन है रैन मोहि तलफ़त बीती + । रात गई तारे गिन गिन + + ।

ढले जात जोवन वारे दिन २

जो चाहें तरवर की छैयां + + । गौना लेन आये नहीं सैयां + +
यही सोच मोहि रहत पल २ + । बीती जात वैस छिन २ + +
रूप सरूप के स्वांग उतारे + । बिना बताये गुरू कर हारे + +
मान नहीं काहू के राखे + + । गिरप गये चाहे जिन २ +

ढले जात जोवन वारे दिन २

गाना शहज़ादी का जुदाई की हालत में

आज मोरा जियरा नहीं माने + । ऋतु पावस से बिछुड़े शहज़ादे + ।

आज मोरा जियरा नहिं माने रे

चहूँ ओर से उमंड घुमंड आये + । कारे २ बदरा अधिक डराये + ।
सूनी सेज अँधेरी रतियां + । हमरी बिथा को जाने रे + ।

आज मोरा जियरा नहिं माने रे

ज्यों ज्यों बूंद परत अधिकारी + । त्यों त्यों हिरदे लगत कटारी + ।
बिना मदारी लाल पिया के सुखचैन भुलाये। आज मोरा जियरा नहिं माने रे + ।

रागिनी पर्ज में शहज़ादी का गाना

मन धीर धरत हूँ दिन गिन २ + । रूपा निधान देउ दरसन + ।
इन नहीं जात प्रान हमरे तुम बिन + । मन धीर धरत हूँ दिन गिन २ ।
काहू की मैं एक न मानूं + । लाख कहे कोऊ गिन २ + ।
बिना पिया सुन एरी सखीरी + । कलन पड़त मोहिं घरी पल छिन ।
मन धीर धरत हूँ दिन गिन २ । कहा करूं बिस खाय मरूं + ।
मिल जाये बसो सौतिन गिन २ । कहो मदारी लाल पिया से + ।
बीती वैस शहज़ादे बिन + + । मन धीर धरत हूँ दिन गिन २ + ।

तर्जीय बन्द पढ़ना शहज़ादी का वज़ीरज़ादी की तरफ़ मुतवज्जेह होकर ॥ + ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

आलम पर अपना रंग छिपाया बसन्त ने । जोड़ा बसन्ती सब को पिन्हाया बसन्त ने ।
जोबन नया हर एक का बनाया बसन्त ने । दिलों में उमङ्ग का शोर मचाया बसन्त ने ।
सब गुलशने जहां को खिलाया बसन्त ने । लेकिन मुझे ये दाग़ दिखाया बसन्त ने ।
है जो अपने यार से इन रोज़ों कामियाब । पीते हैं जे़ग साया वह अंगूर की शराब ।
ऐशो निशात में वह बसर करते हैं शबाब । दुनियां के लुत्फ़ आप उठाते हैं बे हिसाब
सब गुलशने जहां को खिलाया बसन्त ने । लेकिन मुझे ये दाग़ दिखाया बसन्त ने
मेरी बग़ल में आज जो होता वह खुशख़राम । मैं भी मिटाती आज के दिन हसरतें तमाम
वो से किनार ही में बसर करती सुबह व शाम । पीती व शाल में मये इशरत का भर के जाम
सब गुलशने जहां को खिलाया बसन्त ने । लेकिन मुझे ये दाग़ दिखाया बसन्त ने ।
जिस सिम्त आंख उठा के नज़र कीजिये ज़रा । दाऊदी गेंदे से है चमन का चमन भरा ।
दिखला रहा है खल्क़ को अपनी वह खुश अदा । फ़स्ले बहार का ये ज़हूरा है जा बजा ।
सब गुलशने जहां को खिलाया बसन्त ने । लेकिन मुझे ये दाग़ दिखाया बसन्त ने ।
गुलदस्ता हाथों पर लिये हर जाये गुलउज़ार । दिखलाते फिरते हैं अपने जोबन का वह उभार
जुल्फ़ों में अपने हुस्न के हैं बराकि पर खुमार । नाज़ो अदा से करते हैं आशिक़ को बेक़रार
सब गुलशने जहां को खिलाया बसन्त ने । लेकिन मुझे ये दाग दिखाया बसन्त ने ।
आता है अपने जी में यही ऐ मदारी लाल । सब छोड़ छाड़ कीजिये अब जोगन का ख़्याल
मिलता मुझे भेस में शायद वह नौनिहाल । वर्ना अब इस तलाश में रुगड़ा है इन फ़िसाल
सब गुलशने जहां को खिलाया बसन्त ने । लेकिन मुझे ये दाग़ दिखाया बसन्त ने ।

जवाब देना वज़ीरज़ादी का शाहज़ादी को तरजीय बन्द में

बाग़े जहां में रंग मचाया बसन्त ने + । खिलक़त को ज़ाफ़रानी बनाया बसन्त ने ।
जोशे जवानी दिल में छाया बसन्त ने । पज़मुरदह खातिरों को खिलाया बसन्त ने
है २ बड़ा ग़ज़ब ए दिखाया बसन्त ने । तुझ से तेरे सनम को छुड़ाया बसन्त ने ।
अफ़सोस इन दिनों में जो हिज्रां के ग़म सहे । औरमौसमे निशात में जी मार कर रहे ।
वह हंसना बोलना है न अब है वह चहचहे । और अश्क फूट २ के आंखों से हैं बहे
है २ बड़ा ग़ज़ब ए दिखाया बसन्त ने । तुझ से तेरे सनम को छुड़ाया बसन्त ने ।
जो हिज्र में बहाते आंखों से खून नाब । उनको ए कब खुश आती है कैफ़ियत शराब

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गुलशन को देख २ के होता है दिल कबाब। लाले कि तरह दाग़ वह खाते हैं बेहिसाब।
है २ ग़ज़ब बहार दिखाया बसन्त ने। तुझ से तेरे सनम को छुड़ाया बसन्त ने
खुशबू से गुलों के मुअत्तर हुये मशाम। बादे बहार का ये जहाँ पर है फ़ैज़ आम।
हर शख्स को खुशी है हरएक को धूम धाम। खिलकत का चार सू है गुलों पर है इज़दहाम।
है २ बड़ा ग़ज़ब ए दिखाया बसन्त ने। तुझ से तेरे सनम को छुड़ाया बसन्त ने।
सोसन का और लाले का तख़्ता जो है खिला। दिखला रहा है हुस्न का आलम नया २
क्या तुझ से मैं कहूँ कि जो इस वक़्त है समा। लेकिन बग़ैर यार ये है सारा बदमज़ा।
है २ बड़ा ग़ज़ब ये दिखाया बसन्त ने। तुझ से तेरे सनम को छुड़ाया बसन्त ने।
आते हैं देखने को तेरे हुस्न की बहार। करती जो तू उमंग से अपना नया सिंगार
होता लिबास तेरा बसन्ती मसाले दार। नरगिस चुराती आँख तुझे देख बार २
है २ बड़ा ग़ज़ब ए दिखाया बसन्त ने। तुझ से तेरे सनम को छुड़ाया बसन्त ने
आया ए कैसा २ तुझे अबकी माहो साल। दिल की लगी हुई का है मिटना बहुत मुहाल
जी में समाया आह जो अब जोश का ख़याल। जो कुछ कहो वह सब है बजा ए मसीलाल
है २ बड़ा ग़ज़ब ए दिखाया बसन्त ने। तुझ से तेरे सनम को छुड़ाया बसन्त ने

ख़्वाब से जाना शहज़ादी का आलम

जुदाई में

बिन पिया कैसे कलपाये जिया मोरा
लाज की मारी बिरह की बिना कंत रहा नहीं जाय
जिया मोरा पिया बिन कैसे कलपाये मैं जल बिन
नल फ़न जैसे बिकल बिकल रह जाये मोरा मोरा
हास सदारी बिन शहज़ादा घड़ी पल छिन में जाय जिया मोरा

छन्द शहज़ादी

उल्फ़त अब मा बाप की आज के दिन छोड़। चलके सहिरा की तरफ़ घर से मुहको मोड़

जवाब वज़ीरज़ादी

खाक बदन पर सब मलो छोड़ो ये संयोग। रूयें मेता इस हाल पर अपने पराये लोग

छन्द कहिना शहज़ादी का

मिला अगर इस भेस में मेरा वह दिलदार। नहीं होगी इस अम्र पर अपनी जान निसार

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जब अपना दोस्त यार से अपने जुदा रहे । फिर जिंदगी लुत्फ भला कहिये क्या रहे
बन का फ़क़ीर खोज में उस्की सदा रहे । इस नाम पर फ़क़त दिलो धूनी रमा रहे ।

कलाम शहज़ादी का

जोगिन का भेस आज मैं अपना बनाती हूं । घर बार सारा छोड़ के धूनी रमाती हूं ।
कपड़े रंगा के गेरुये तन पर जमा के खाक । मिट्टी में अपनी ऐश को देखो मिलाती हूं
जी खोल कर के खूब की दुनिया की सल्तनत । कुछ रोज़ो अब फ़क़ीरी का भी हज़ उठाती हूं
है २ ओ नसीब क्या तूने अब किया । शहज़ादे से मैं शहर में जोगिन कहाती हूं
निज़ा रहा मेरा चश्म फलक को जो था मुहाल । अब दर बदर हो अपने तईं मैं फिराती हूं
छिपता नहीं छिपाये से आलम ये हुस्न का । सौ २ तरह अपने तईं मैं छिपाती हूं ।
जोगिन का भेस करके मैं आई मदारीलाल । तक़दीर अपनी आज के दिन आज़माती हूं

जवाब वज़ीरज़ादी का

तेरे लिये मैं अपने तईं अब मिटाती हूं । सारा सिंगार उतार के जोगिन बनाती हूं
तन पर भभूत मल के परेशां कर अपना हाल । उस बुत के आनो ध्यान पै आसन जमाती हूं
दुनिया की ऐश छोड़ सजा जोग का लिबास । रो २ तेरे हाल पै तन मन जलाती हूं ।
एक दिन वह था जो थी यही पोशाक ज़र निगार । और आज तन पे जोग का सामान सजाती हूं
है दुश्मनों को भी मेरे अहवाल पर ये ग़म । रोने में जब मैं आह के नारे उठाती हूं
होता है और बलन्द सिवा शोलये जमाल । जूं २ मैं उस्को खाक के अन्दर दबाती हूं
हमराह सीम तन को लिये ऐ मदारी लाल । शहज़ादी और मैं ढूंढने उस गुल को जाती हूं

गाना शहज़ादी का

मैं तो बन कर जोगिन जाऊं शहज़ादे को ढूंढ ले आऊं । कानन मुन्द्रे गल बिच सेली अंग भभूत रमाऊं
अपने पिया के कारन सजनी बन २ ढूंढन जाऊं । ओढ़ बघम्बर सिर से अपने घर २ अलख जगाऊं
काहू से कुछ काम नहीं है मैं तो उनके गुन गाऊं । मन मेरो रहि २ तलफ़त है गेरुवा वस्त्र रंगाऊं
देश विदेश में दास मदारी बैरागिन पिया की कहाऊं । शहज़ादे को जाके ढूंढ ले आऊं ।

कलाम शहज़ादी का शिकायत आमेज़ गर-
दिश अफ़लाक से

ऐ फ़लक कैसा ये दिन आह दिखाया हमको । शाही छुड़वा के जो अब जोगी बनाया हमको
मिस्ले गुल चाक गिरेबां है दामन सुर्ज़ए । किसकी उल्फ़त का ये सौदा है समाया हमको

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

यानो दिल चस्प मकानोंमे रहा करती थी। अब दरख्तोंका भी मिलना नहीं भाया हमको
शाह़ की ड्योढ़ी तक आना भीहमेंजो इकबार। काटना मंज़िलोंका अब ए खुदा आया हमको
खाक पासे लगेबनूर के बर्गे लेउठने । अभी गर्दिश ने असर अब यह दिखाया हमको
किस तरह होगाये तेरे ये मेरे ख्वालिक़ मेरे । पानी में इसलिये हैजो फ़रद छिपाया हमको
जिसजगह बैठ गयेबैठ के उठना है मुहाल। नातवानी ने यहां तकहै सताया हमको ।

जवाब देना वज़ीरज़ादी का शाहज़ादी को

हाय तक़दीर ये क्या तूने दिखाया हमको । बिस्तरे गुल्से तबे खाक बिठाया हमको ।
खाक तन पर मली और सेली गले में डाली। हाय इस हाल से सहिरामे फिराया हमको
फ़र्शे गुल पर भी नज़ाकत से न आतीथीनींद। करके उरियाँ वहीं काटो पे सुलाया हमको
कभी भूले से न रक्खाजो था नोरस्ते पेक़दम। दरबदर भेस मेंजोगिन के फिराया हमको
चैन गुल खानेमें करते थे सोइतबल्क़ तोमें। रेन मेंजलतीहुई लाके सुलाया हम को
गाह इन्सों की कोसोंनहीं आतीहै नज़र। कभी वहशत ने ये भी ध्यान सिखाया हमको
चलके दो एक क़दम खाकमेंगिरपड़तीहूं। अजरहै लुत्फ़ किसीनेजो उठायाहमको

ग़ज़ल गाना शाहज़ादीका भैरवी में

बनके जोगिन ढूंढने शाहज़ादे को अब मैं चली। देखूं अब आगे निकाली क्या है दिलकी बेकली
फाड़कर सिंगार में फिर रेशमा का सारा लिबास। पहिने लेकर तनपे सब कपड़े रंगा कर सन्दली
लोगो बतलाओ मुझे उसगुल के रहिने का निशान। किस तरफ़ जाऊं भला औ कौनसी ढूंढूं गली
वह मदद कोअं करेंगे ताआके चक्के इमत्तिहां है मदारी लालभी तू एक गुंचा मानेस्तली

दोहरा शाहज़ादी

प्यासी हूं मैं देरसे मिलाहै अब तालाब। कहिये तोमैं ठहर के पीलूं थोड़ा आब

जवाब वज़ीरज़ादी

सिद्दत से इस धूपकी हूं मैंभी बेताब । इन्हीं दरख्तों के तलेको ईदमहूं सैराब।

दोहरा शाहज़ादी का कहिना वज़ीरज़ादी से

देखो ए तुमसी मनन् शाहज़ादी का हाल । पानी में से ले गया कोई हाथ निकाल

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

ग़ज़ल कहिना शहज़ादी का वज़ीरज़ादी से

आहों से खाक उड़ाते हुये बे शतर चले । मिस्ले बगूले गिर्द में आलूदह पर चले ।
निकले थे एक कमन्द के हम तो तलाश में । गुलफ़ाम शहज़ादे को हम आप कर चले
सब्ज़े की तरह उगते ही पामाल हो गये । इस गुलशने जहां से बे बहरे ह़र चले
उसको भी अपने हाथ से खोया है ऐ नसीब । बनकर फ़कीर जिस्के लिये छोड़ घर चले
जंगल में अपनी उम्र बसर योंहीं कीजिये । क्या जायें मुंह लगाके जो बरसों में घर चले
उस गुल शुरा से जाके यही कहियो ऐ सबा । बीमार बेवतन तेरी फ़ुरक़त में मर चले
जाना है साथ २ मुझे भी मदारी लाल । तस्वीर अपनि अब हमें लेकर किधर चले

जवाब देना वज़ीरज़ादी का शहज़ादी को

पत्थर एक और छाती पे हम आह धर चले । शीरीं को कोहकन के लिये ज़ाया कर चले
ऐ पीर चर्ख डाला ये क्या तूने तफ़र्रुक़ह । शहज़ादा तो कहीं गया और हम किधर चले
बर आई अपने दिल्की कोई भी न आरज़ू । नाशाद ना मुराद फिरे चश्म तर चले ।
रह २ के अपने दिल्को यही आता है ख्याल । आये थे किसलिये यहां क्या काम कर चले
पहुंचे हमारे बाद कहीं खाक क्यों तलक । बैठे हैं इस तलाश में बादे शजर चले ।
कैसी लगी हवा मेरे नख़्ले मुराद को । शाखे गवज़्न कि तरह हम बे समर चले
जाकर के और भी कहीं देखें मदारीलाल । यहां से उठा के इसलिये दिल कूच कर चले

दोहरा कहिना शाहजिन का वज़ीरज़ादी से

कौन हैं आप बताइये मुझे अपना नाम । जो कुछ होसके करें उसे अन्जाम ॥

जवाब देना वज़ीरज़ादी का शाहजिन को

कहते हैं सबसीमतन इस आसी का नाम । शहज़ादे के वास्ते फिरूं सुबह औ शाम

तर्जीय बन्द शाहजिन का कहिना वज़ीरज़ादी से

किस्पर आई हुई है यार तबियत तेरी । फ़ुर्ते ग़म से जो ये अब पहुंची है नौबत तेरी

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दुःख होता है जिगर देख के रक़्क़त तेरी । हाय देखी नहीं जाती है मुसीबत तेरी ॥
किसके ग़म में हुई ऐ शख़्स ये हालत तेरी । रोना आता है मुझे देख के सूरत तेरी ।
नख़्ले उम्मेद तेरा आह न फूला न फला । चल गया बादे ख़िज़ाँ का अभी आकर झोंका ।
तू जो इस गुलशने हस्ती में न सरसब्ज़ रहा । क्या सबब इसका है तू हमसे बता दे तो ज़रा ।
किसके ग़म में हुई ऐ शख़्स ए हालत तेरी । रोना आता है मुझे देख के सूरत तेरी ।
किस न सब्ज़ुर में रहा करता है तू शामो सहर । सूरते माहकुमा जो पैदा है तेरे मुँह से असर ।
कुछ दिनों और रहा हाल तेरा यों ही अगर । ख़ाक हो जायेगा वल्लाह तू अब जल जल कर
किसके ग़म में हुई ऐ शख़्स ए हालत तेरी । रोना आता है मुझे देख के सूरत तेरी ॥
गर दिशे चर्ख़ से मारा तू पड़ा फिरता है । तेग़ अब्रू का ये घायल है जो दम भरता है
आहो नाले जो शबो रोज़ किया करता है । सच बता दे हमें तू किसपे तू अब मरता है
किसके ग़म में हुई ऐ शख़्स ए हालत तेरी । रोना आता है मुझे देख के सूरत तेरी ।
हज़्ज़ दुनिया से न कुछ हाय उठाया तूने । कुछ जवानी का मज़ा भी नहीं पाया तूने
किसी माशूक़ से क्या दिल है लगाया तूने । कैस की तरह जो हाल अपना बनाया तूने
किसके ग़म में हुई ऐ शख़्स ए हालत तेरी । रोना आता है मुझे देख के सूरत तेरी ।
दिल बहिलाता नहीं हर चन्द तू बहलाता है । तायरे रंग कदूरत से उड़ा आता है
आज क्या है जो तुझे कुछ भी नहीं भाता है । गुल ख़िज़ाँ दीदा से हर वक़्त तू मुरझाता है
किसके ग़म में हुई ऐ शख़्स ए हालत तेरी । रोना आता है मुझे देख के सूरत तेरी ।
नाले आह से रहता है सरोकार तुझे । सच बता कौन सा अब हो गया आज़ार तुझे
ज़ीस्त से अपनी में अब पाता हूँ बेज़ार तुझे । सर पटकने के सिवा और नहीं कार तुझे ।
किसके ग़म में हुई ऐ शख़्स ए हालत तेरी । रोना आता है मुझे देख के सूरत तेरी ।

जवाब देना वज़ीरज़ादे का शाह जिन्को

सदमे पर सदमे उठाती है नहूसत मेरी । मुझसे बरगश्ता है इन रोज़ों जो क़िस्मत मेरी
है बिला शक जो करी रंज से नौबत तेरी । छाती फटती है जो देखे है ए हालत मेरी
पूछता क्या है तू ऐ शख़्स हक़ीक़त मेरी । जाबलब हूँ कोई दम भर में है रुख़सत मेरी
हो गया ख़ुश्क गुलिस्ताने जवानी मेरी । बन गई आह मेरी मुझको ख़िज़ाँ काल का
हर बुने मू से मेरे एक शरर है पैदा + । सूरते सर्द चराग़ों हुआ आलम अपना ।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पूछता क्या है तू ऐ शख़्स हक़ीक़त मेरी । जां बलब हूं कोई दम भर में है रुख़सत मेरी
हर घड़ी चलता है ग़म दीदह बिगिरयां मस्ता । याद आ जाता है जिस वक़्त वह रूये अनवर
सामना रंज का रहिता है मुझे आठ पहर । ऐसे जीने से बस अब मौत है प्यारे बेहतर ।
पूछता क्या है तू ऐ शख़्स हक़ीक़त मेरी । जां बलब हूं कोई दम भर में है रुख़सत मेरी ।
कोई इतना भी तो एहसान नहीं करता है । उस्से जा कहि दे कि वह ग़म में तेरे मरता है
ले ख़बर जल्द कहीं जाके वह दम भरता है । हालते नज़ में भी नाम तेरा भरता है ।
पूछता क्या है तू ऐ शख़्स हक़ीक़त मेरी । जां बलब हूं कोई दम भर में है रुख़सत मेरी
सारा दुनिया का मज़ा दिल्से उठाया मैंने । और ज्वानी को भी मिट्टी में मिलाया मैंने ।
लेकिन अब तक न किसी जा को मैं पाया मैंने । वास्ते जिस्के ये हाल अपना बनाया मैंने
पूछता क्या है तू ऐ शख़्स हक़ीक़त मेरी । जां बलब हूं कोई दम भर में है रुख़सत मेरी
इस तरह का जो मेरा हाल तू अब पाता है । है तअज्जुब कि तुझे रहिम नहीं आता है ।
ग़म को मैं खाता हूं और ग़म भि मुझे खाता है । नहीं तदबीर कोई तू मुझे बताता है ।
पूछता क्या है ऐ शख़्स हक़ीक़त मेरी । जां बलब हूं कोई दम भर में है रुख़सत मेरी
रुख़ दिखा जब से गया वह तो नेस्यार मुझे । चैन आता किसी करवट नहीं जिन्हार मुझे
हर घड़ी आहो फ़ुग़ां से है सरो कार मुझे । कोई नज़र आता नहीं अपना मददगार मुझे
पूछता क्या है तू ऐ शख़्स हक़ीक़त मेरी । जां बलब हूं कोई दम भर में है रुख़सत मेरी

बारह मासा शाहज़ादी का कहिना और वज़ीरज़ादी का कहिना ॥

शाहज़ादी

सावे अषाढ़ कीजिये अब दश्त में शिकार । शायद ख़ुदा मिला दे हमारा वह गुलइज़ार

वज़ीरज़ादी

सावन में हो रही है जो बरसात की बहार । भादों में छाई काली घटायें हैं बेशुमार

शाहज़ादी

रे सखी तो बहार न कर दिल्को बेक़रार । बरसात में मिला न सनम आ गया कुंआर

वज़ीरज़ादी

कातिक में आस ने किया दिल्को बेक़रार । चारों तरफ़ मैं ढूंढ फिरी अपना गुलइज़ार

शाहज़ादी

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

अगहन दिखा रहा है मुझे मेंह की बहार । और पूस ने किया मुझे इस तौर बेक़रार ।

वज़ीरज़ादी

अब सोस माघ में जो किया जोग का सिंगार । आख़िर बसन्त जल्द तुझे से विसाल यार ।

शाहज़ादी

फागुन में चारों सिम्त से सब खेलते हैं फाग । बजते हैं ढफ़ और झांझ में गाते हैं सब राग

वज़ीरज़ादी

साक़ी न दे शराब न कर दिल को बेक़रार । अच्छा नहीं है चैत तुम्हारे बिदून यार ।

शाहज़ादी

बैसाख की जो गरमी में उठती हूँ जाग २ । हरदम ख़याल आया यहां से दू भाग २

वज़ीरज़ादी

अब कीजिये न लाग लगी तेरी जब से लाग । होगा महीने जेठ में हासिल तुझे सुहाग ।

शाहज़ादी

जिन्के पिया हैं पास है उन्के बड़े ये भाग । ख़ालिक़ दिलादे कब मुझे देखूं मेरा सुहाग

वज़ीरज़ादी

साक़ी पिलादे जल्द शराबे विसाल यार । मत कर तू हिज्र में बस अब इस दिल को बेक़रार

हुक्म शाहजिन का देव से

हाज़िर है कोई देव याँ जल्दी से आये । हो दोनो जिस जगह उन्हें उठा कर लाये ।

अर्ज़ देव की शाहजिन्से

अब मैं तेरे हुक्म से जाता हूँ उस जा । लाता हूँ उन्के तईं जाकर अभी उठा ।

कलाम शाहजिन का शाहज़ादे से वक्त उस्के आने के

कौन परी और कौन देव लाया तुझे उठा । गुज़रा तुझ पर क्या सितम सब तू मुझे को सुना

जवाब देना शाहज़ादे का शाहजिन्से

सोता था कोठे ऊपर साथ थी माहे लक़ा । परी ज़मुर्रद जाय कर लाई मुझे उठा ।

शाहजिन का कहिना छन्द शहज़ादे से

ज़ोर हुआ हो ज़ार तेरी जान पर आया । ऐ हवाल सारा मुझ से तू ऐ यार कर बयाँ

होगी सज़ा बदबूतो तू दिल में न कर गुमान । क्योंकर मुझे है रहम तेरे हाल पर अयाँ

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गुज़रा तुम्हारी जान पर जो कुछ कि है सितम् । उसके ही सुन्ने से हुआ दिल्को हमारे ग़म् ।
तेरे ऊपर ये हाय मुसीबत थी क्या पड़ी । है देखने से जिस्के तबियत पै कोह ग़म् ।
उस्की सज़ा मैं देता हूं अब तेरे रोबरू । जिसने जुदा किया है ये तुझ से तेरा सनम् ।
तेरे एवज़ सितम् के मैं करता हूं उस्को क़त्ल । जाती है लहज़ में वह फ़ना हो सूये अदम् ।
मुरदार ने खलल किया तेरे विसाल मे । माशूक़ तेरा तुझ से छुटाये किया सितम् ।
है कोई देव लावे गिरफ़्तार कर उसे । जिस्ने किया है इस पै जो इस तौर का सितम् ।
भिज वाके देव जल्द बुला ओ मदारीलाल । होता है हाल जोर का उस्के न कुछ रक़म् ।

छन्द शहज़ादे का कहिना शाह जिन्से

गफ़लत में ख्वाब की मुझे लाई जो ये उठा । मेरे सनम् से इस्ने मुझे अब छुड़ा दिया ।
रक्खा था एक क़ैद मकां में मुझे छिपा । किस्मत ने मेरी आप को अब है दिया बता ।
जो कुछ कि उस्की क़ैद में मुझ पर हुआ सितम् । यह बाल उस्का मुझ से न होता है कुछ रक़म् ।
सूरत से मेरी हाल मुसीबत का है अयां । दिल पर हमारी यार जो गुज़रा किया सितम् ।
खालिक़ ने आप को है किया हाकिमे ज़मान । खिलक़त न वाज़ों मुंसिफ़ों तो कीये जाह हश्म ।
इन्साफ़ कीजिये मेरी फ़रयाद का बग़ौर । क्यों कर कि आप को न मिला वस्ल में सनम् ।
जो आपसा मिले मुझे सर्दार दिल नेवाज़ । शायद कि जल्दी से मिले मुझ से मेरा सनम् ।
वह देव और परी थी छिपी इक मकान में । जिस्ने किया है मुझ पै जो इस तौर का सितम् ।
फ़रयाद की ये दाद दिला ओ मदारीलाल । अजबस कि मेरे हाल पे अब कीजिये करम् ।

सवाल राजा इन्द्र का शाह जिन से

हाज़िर है कोई देव अब लावे उसे बुला । फिर वह मेरे हुक्म से आग में दे जला ।
मुझको हुई ये फ़िक्र जो कि उस्ने है खता । ऐ देव लाद उस्को कि दूं मैं उसे सज़ा ।
ए देखवक्या निकाला है मुरदार ने चलन । बेचारे शाहज़ादे को लाई ए घर उठा ।
देखो दिखाता हूं मैं मज़ा उस्को प्यार का । हम से किया जो इस्ने है ये आशना छिपा ।
आशिक़ को उस गैर के लाकर किया असीर । खट का हमारे दिल्में न इस्ने ज़रा किया ।
आया न खौफ़ इस्को हमारे जलाल का । रक्खा चुराके इस्ने पराया ए दिल रुबा ।
मालूम तुम से हाल मेरा होगया तमाम । कर वादूं अब मैं तेग़ से इस दम इसे फ़ना ।
नातक़ बताओ हुक्म उसे ऐ मदारीलाल । की है गी नाबकार ने देखो तो क्या खता ।

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जवाब देव का राजा इन्दर शाह जिन् से ॥

हाज़िर हूँ जो हुक्म हो लाऊं उसे बजा । जाकर मैं उस्को अभी लाऊं सोये हुवा
जाता हूँ मैं मिस्ल आबो चूँ सरसरे हवा । लाता हूँ उस्को जिस्का येहै ज़ोर वो जफ़ा
मैंने कहा था उस्से न कर इस्को तू पियार । ना जिन्स आदमी है न इस्पर हो तू फ़िदा
समझाया इस्को मैंने न दे दिल्को हाथ से । हरगिज़ रहेगा इश्क़ न तेरा ये अब छिपा
बे खौफ़ हो गई है ये पाकर के खूबरू । आखिर को अपने हक़ में ये इस्ने बुरा किया
मेरे कहे पै इस्ने न मुतलक़ किया ख़याल । ले आई अपने घर में ये सोता उसे उठा ।
हाज़िर मैं लाया इस्को अभी रोबरू हुज़ूर । मालिक हुज़ूर हैं गे जो चाहो सो हो उठा ।
हाज़िर किया मैं लाके उसे दू मदारी लाल । इन्साफ़ जैसा हो वह अभी दीजिये सज़ा ।

दोहरा कहिना राजा इन्दर का परी से

लाई इस्को क्यों उठा सुन तो ऐ मुदार । गई हमारे खौफ़ को दिल्से भूल एक बार

जवाब देना परी का राजा इन्दर को

तुम जो चाहो सो करो मालिक हो सुरक़ार । लेकिन हूँ सौ जान से उस्की आशिक़ ज़ार

सवाल राजा इन्दर का

हमसे छिप छिप के तू करती है एक यार नया । ये चलन् निकाला है अब तेरा ऐ मुरदार नया
या तहे तेग़ करूं या तुझे गर्दन मारूं । या दिखाऊं तुझे मैं और कोई आज़ार नया
कहाँ इंसाँ भला क़ौम परीज़ाद कहाँ । तूने किस्का ये निकाला है अरी प्यार नया
प्यार करने का मज़ा तुझको मिलेगा उस वक़्त । होगा गर्दन पै ये जब खंजर खूँ ख़्वार नया
क्या है आवारगी ये दिल्में समाई तेरे । ढूंढती फिरती है दिनरात जो दिल्दार नया
हाथ उठा इस्से नहीं अपना तरीक़ा है यही । क़त्ल करते हैं जो हो ऐसा खता वार नया

जवाब परी का

घर में आया जो मेरे ये गुल गुलज़ार नया । दुश्मनों की वही आंखों में चुभा खार नया
पास से मेरे न अलबत्तां इसे कीजिये जुदा । और सितम् चाहिये सो कीजिये हर बार नया
शक्ल इन्सानो परीज़ाद पै क्या है मौक़ूफ़ । किस्को भाता नहीं माशूक़ तरहदार नया
आशक़ी का यही आशिक़ को मज़ा है शेज़िन । आज फूले मेरे हर ज़ख़्म से गुलज़ार नया
जानो दिल बेचे हुये फिरती हूँ उस गुलरू पर । ऐसा होता नहीं दुनियां में ख़रीदार नया
मुद्दतों जिस्के लिये रातों को आवार फिरी । हाथ आया है एसब तू मेरे दिल्दार नया

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दोहरा कहिना राजाइन्दर का देव से

मानेगी हरगिज़ नहीं अबतो ये गुलज़ार । लेजा इसको आग में डाल दे तू एक बार

कहिना देव का मुख़ातिब होकर परी से

जबसे ईज़ा है इसने दी तूने दिन रात । ऐसी पर अब आग में दूं तुझको बदज़ात

ग़ज़ल राजा इन्दर की

कहिना हमारा इसने न अबतक ज़राकिया । ऐ देव इसको हमने अभी तेरे बला किया ।
आख़िर कि दह में डाल दो लेजा ओ खींच कर । दोज़ख़ कि आग से जो वह है पुरहवा किया
दिखला ओ जाके इसको मज़े ईश्क़ याक़ के । हर पर दह हमसे खूब नया आशना किया
देने में कुछ सज़ा के जो कि तूने रगुज़र । मैंने तुझे भी गोरि दे ज़ोरो जफ़ा किया ।
नामो निशान इसका ज़माने से दो मिटा । इस फ़ित्ना रोज़गार ने देखो तो क्या किया
संगे गरां पै जाके पटक दे इसे अभी । मुरदार बदचलन ने एग़ मज़ा नया किया ।
इस बदचलन से है यही खटका मदारी लाल । आज एक किया है जाने कल दूसरा किया

ग़ज़ल देव की

मैं भी तो मुद्दतों से हूं इसलिये जला किया । पंजे में अब ख़ुदा ने मेरे मुबतिला किया
चलती है साथ मेरे या गर्दन में डालूं हाथ । खाजाऊंगा मैं गर कहीं नख़रह ज़रा किया ।
आ मेरे साथ तू कोई दम और जान है । फिर क्या जो मैंने काम तेरा ख़ातमा किया ।
पंजे से मेरे छूट के जा सक्ती है कहां । बस मैंने इसको पीस के अब सुरमे सा किया
पीजाऊंगा लगा के मैं इस वक्त तेरा खून । फिर मुझसे चो चला जो किसी तौर का किया
खाजाऊं तेरा तोड़ के सर भेजा मग़ज़ का । गोया कि आज लुक़्मा शीरीं ग़िज़ा किया
सरपर अजल सवार है इसके मदारी लाल । कोई दम्में अब इसे तहे तेग़ फ़ना किया ।

ग़ज़ल परी की

अफ़ज़र तेरे लिये किस शर्ते वफ़ा किया । लेकिन जुदा न दिल से तुझे मेहरलक़ा किया
कुछ जलने मरने का नहीं खटका मुझको ग़म । गम है कि तुझको आंख से मेरी जुदा किया
आरज़ू थी कि मैं तेरी राह पर निसार । ख़ालिक ने आज फ़र्ज़ से तेरी अदा किया
ऐसा भी कोई करता है आशिक़ का अपने हाल । तुमने हमारा हाल जो ये दिखवा किया
चारों तरफ़ अदू है लिये तेग़ कीबकफ़ । तुझबे गुनह पे देखो ये बलवा है क्या किया

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

दुनियां में क्या हमीने नहीं की है आशिक़ी । किस्ने न इन्द्र तो पै दिल अपना फ़िदा किया
इस्को भी अपने हाथ से खोया मदारी लाल । जलना गवारा जिस्के लिये मैं सदा किया

ग़ज़ल शाहज़ादे की

लाकर जो तूने क़ैद मुझे बेखता किया । बस मेरे सब्र ने यही बदला अदा किया ।
मैं तुझ से कहिता था मेरे दरपै न हूजना हो । आख़िर न अपने हक़ में ये तूने भला किया
आख़िर को मेरे वास्ते दी तूने अपनी जान । परवाने मिल्के शमा से कब तक जिया किया
शामत ने तेरी तुझ को दिखलाया ये रोज़े बद । अब तू कहां से लाके मेरा मुबतिला किया
क्यों होता हाल ये जो न करती तू मुझको प्यार । मैंने तो मना तुझको परी बारहा किया ।
मारा है जिस्ने भूलके इस राह में क़दम । आंखों से उस्के खून का दरिया बहा किया
क्या २ कहूं मैं शुक्र ख़ुदा का मदारी लाल । एक बद बला के हाथ से मुझ को रिहा किया

दोहरा कहिना राजा इन्दर का वज़ीर ज़ादी से ॥ ॥

जोगी जी ये हाज़िर है हाज़िर इस्को लो । और जो लायक़ काम हो सो मेरे से कहो

जवाब देना वज़ीर ज़ादी का राजा इन्दर को

और नहीं कोई काम है बड़ा किया ये काम । मुद्दत तक अब आपका रहे जहां में नाम

दोहरा वज़ीर ज़ादी का शहज़ादी से

ले हाज़िर है हिज्र का ये तेरा बीमार । गले लगाओ खूब सा करलो इस्को प्यार

दोहरा कहिना शहज़ादी का शहज़ादे से

आओ प्यारे ये कहो गले मेरे लग जाउ । मुद्दत से बीमार हूं शरबत वस्ल पिलाउ

जवाब देना शहज़ादे का शहज़ादी को

मेरी भी दिन रात थी आफ़त में पड़ी जान । जिस्पर भी तो था मुझे जानी तेरा ध्यान ।

छन्द कहिना शहज़ादी का शहज़ादे से

प्यारे तुम्हारे हिज्र में अपना हुआ ये हाल । तुमको हमारे तरफ़ से कुछ था ज़रा ख़याल
किसतरह से हुआ था तेरे बिन मुझे मलाल । पर अब ख़ुदा ने है दिया ये शरबते विसाल

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

जवाब देना शाहज़ादी का शाहज़ादे से

फ़ुरक़त तुम्हारी से मुझे हासिल हुआ मलाल। अल्लाह ने मिलाया मगर शर्बते विसाल
रक्खो न दिल्में रंजो मुसीबत का कुछ ख़याल। होवेगा दूर वस्ल में सारा ये अब मलाल

ग़ज़ल शाहज़ादह

आँख हमसे न अगर तुम्से लड़ाई होती। तो मुसीबत न ये बल्ला उठाई होती ॥
हिज्र में तेरे मैं तड़पा किया बिस्मिल कि तरह। तेग़ अबरू की दिखाई तो सफ़ाई होती
जाने जाँ तुम को जो इस बात का कुछ होता ख़याल। तो मेरे वास्ते काहे को जुदाई होती
ख़ुशनुमा तेरी कलाई का जो आता है ख़याल। दिले बेचैन को यक दम न कल आई होती
क़ज़ा अफ़सोस न रहते जो तुम्हें ग़ैर ने गुल। अभी तक अपनी सब उम्मेद बर आई होती
कुछ ख़ता आपकी हरगिज़ नहीं तक़दीर अपनी। वर्ना ये हाल भी कुछ दिल में समाई होती
सख़्तियाँ क़ैद की काहे को उठाता मैं ग़रीब। तुझ सिवा उस पे तबियत जो ये आई होती

ग़ज़ल शाहज़ादी

तुमने सूरत जो किसी रोज़ दिखाई होती। दिले मुज़्तर पे न यों ग़म कि चढ़ाई होती
ख़ूब रोऊं गले लग कर यही थी दिल्की हवस। लेके तुम तक जो भला अपनी रसाई होती
हाल पर मेरे जो कुछ रहम तू करता ज़ालिम। तो मैं इस तरह से क्यों ग़म की सताई होती
बर्क़ की तरह से आंखों में चमक जाती है। याद जिस दम तेरी नाज़ुक ये कलाई होती
तुम करो चैन परी साथ रहूं मैं बेचैन। दिल से लाचार हूं वर्ना ये सफ़ाई होती ।
तेरा हरजाई पना पहिले जो होता साबित। तूने फ़िरक़त मेरे दिल्को न ख़ुश आई होती
शमा सौं काहे को जलती मैं न सच्चा मैंने। गर मुहब्बत न तेरे दिल में समाई होती ।

ज़बानी शाहज़ादह

तेरे ग़म फ़िराक़ का अफ़साने था रहा। हर लहज़ा हर घड़ी में असीरे बला रहा

ग़ज़ल शाहज़ादा

शुक्र सद शुक्र किया आज नज़ारा तुझको। कब ये उम्मेद थी देखूं गा दुबारा तुझको
मरदुम आसा तेरी तस्वीर थी आंखों से खिंची। ख़्वाब ने ये चश्म में भी मैंने उतारा तुझको
हिज्र में था मेरी सूरत आँखों में तारीक जहाँ। जानता दिल से जो था आँख का तारा तुझको
जान भी आवे अगर काम तो हुये क्या उज़्र। जान से कुछ ज्यादा समझता हूं मैं प्यारा तुझको
एक पल भी तेरी फ़ुरक़त में न पाया आराम। बारहा ख़्वाब से चौंका तो पुकारा तुझको

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

मैंने कहा २ वह तेरे पीछे उठाई आफ़त । बेवफ़ा पर न हुआ रंज हमारा तुझ को
हम बिछाते हैं तेरी राह में हरदम आँखें । पर रहा हम से सदा आह किनारा तुझ को

ग़ज़ल शहज़ादी

थी जुदाई न तेरी जान गवारा मुझ को । पर करूं क्या तेरा तक़दीर से चारा मुझको
तासे फ़ीलख रही आँखों को हसरत बाक़ी । कभी फिर आके दिखा जाओ नज़ारा मुझको
बिन तेरे चाँदनी आँखों में नथी धूप से कम । मह अनवर नज़र आता था शरारा मुझ को
कहीं दो चार भी दिन और न आते जो सनम । बिन दिये जां के होता न गुज़ारा मुझ को
हिज्र में तेरे न एक पल भी मुझे नींद आई । याद था जो तेरे पहिलू का सहारा मुझ को
चैन आता था न दिल्को न तबियत को क़रार । वह तसव्वर में बंधा है जान तुम्हारा मुझको
सीधी बातों से हुये जाते हो टेढ़े नाहक़ । कज़ अदाई ने तेरी जान से मारा मुझ को ।

खम्से कहिना शहज़ादी का

तुझसे और उस से था जो रोज़ बहम प्यार रहे । जाने जो जान से उस गुल को ख़रीदार रहे
नहीं चाहत नहीं ख़ूबी को तलबगार रहे । तुम परी साथ मेरे वस्ल से सरशार रहे ।
हम यहां हिज्र में दिन रात गिरफ़्तार रहे

क्या कहें हम जो मुसीबत में गिरफ़्तार रहे । वस्ल के तेरे दिलो जान से ख़रीदार रहे
हर घड़ी तेरे तसव्वर ही में दिल्दार रहे । किस तरह रंजो मुसीबत के गिरफ़्तार रहे
हर घड़ी हिज्र में तेरे ही तो बीमार रहे

उसको चाहत तेरी और तुझको रही उसकी चाह । कुछ दिनों ख़ूब किया जान ने हम अक़्ल का निबाह
हम बग़ल और हम आग़ोश रहे क्या वल्लाह । वस्ल में ख़ूब मज़े लूटे परी के हमराह ॥
हमसे कहिते हो कि तुम बिन हमें आज़ार रहे

अपने जामे तमन्ना में पिया शरबते वस्ल । उसने सो नाज़ से तुम को जो दिया रस भरे वस्ल
सोके आग़ोश में मंज़ूर किया शरबते वस्ल । ख़ूब जी खोल के तुम ने तो पिया शरबते वस्ल
तुमसे क्या काम कोई हिज्र में बीमार रहे

अपनी चाहत को वह करती रही तुमसे इन्कार । हम तसव्वुर को वयों करती है लैलो निहार
चाहने का भी मज़ा है यही अब ऐ दिल्दार । तुम मरो उसपे परी तुमपे करे जान निसार
सब तरह से तो हमीं पीछे तेरे ख़्वार रहे

फेर ली देख के गुल दूसरा तुमने जो निगाह । मुझको मालूम हुआ रखते हो तुम रक़ीसी वाह

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

पहिले से चित न हुआ आह कि तुम्हें बदराह । भूल कर भी न जो तुम्से लगाये वल्लाह
जान्ते हम कि दुनियां में यही
प्यार रहे

जवाब शाहज़ादे का

ख़िदमतों के लिये मामूल तरहदार रहे । नये खाने नये जोड़े नये हथियार रहे ।
फ़र्श फूलों का शबे माह में तय्यार रहे । सब तरह के वहाँ सामान नमूदार रहे
पर तेरे बिन मेरी नज़रों में वह सब ख़ार रहे
हम दिलो जान से तेरे ही ख़रीदार रहे । नशे इश्क़ से तेरे ही तो सरशार रहे ।
किस तरह दाम मुसीबत में गिरफ़्तार रहे । हर घड़ी याद में तेरे ही तो दिल्दार रहे ।
तेरे ही वस्ल की हर रोज़ तलबगार रहे
खा के कहिता हूं तेरे मुखड़े की रहानी की क़सम । और है मुझको इसी साबित बानी की क़सम
झूठ कहिता नहीं तुम यूसफ़े सानी की क़सम । प्यारी वल्लाह मुझे अपनी जवानी की क़सम
उस तरफ़ देखा हो तो तेरे गुनहगार रहे
मुझको वल्लाह हमेशा रही नफ़रत उस्से । वह थी क्या माल जो होती मुझे रग़बत उस्से
क्यों लगी होने मेरे दिल को मुहब्बत उस्से । जब कि बरगश्ता रही अपनी तबियत उस्से
रूबरू हूर भी आजाये तो इन्कार रहे
साफ़ तबियत से जो ये बातें ज़बां पर आये । आपही शिकवे के दफ़्तर मेरे आगे लाये
यही दुनिया का तरीक़ा है यही है आई । है तअज्जुब कि तेरे सामने क़समें खाईं ।
उस्से भी शुभा तेरा तुझको ऐ दिल्दार रहे
इश्क़ गुलरू में सदा दीदये हसरत धोता । तेरी फ़ुरक़त में ये था हाल हमारा होता ।
शाम से ताब सहर बैठ के हम को रोता । याद कर कर के तेरे साथ लपट कर सोता
इसी हसरत में तो हम रात को बेदार रहे

मुख़म्मस कहिना
शाहज़ादी का

आह मैं जब से तेरी तालिबे दीदार रही । तब से मैं लाख बलाओं में गिरफ़्तार रही
रंजो तकलीफ़ो मुसीबत की सज़ावार रही । ज़िन्दगी अपनी भी तो ताबमुझे दुश्वार रही
मैं न समझी थी मज़ा इश्क़ ये दिखलावेगा । जान पर मेरे ये कंबख़्त बला लावेगा ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

हाल दिल किससे कहूँ जाके मैं अपना नाचार। कर दिया मुझको तो इस इश्क़ ने है २ बरबाद
करूँ इस ग़म से कहाँ तक न मैं ख़िरा फ़स्याद। इस सितम गर ने किये मुझपे हज़ारों बेदाद
बे अजल आन्के इस इश्क़ ने मारा है २ । ख़ून नाहक़ किया काफ़िर ने हमारा है है
इस जफ़ा कार ने मुझको दिये लाखों आज़ार। इसके अन्दोह व ग़मों रंज से बेहद्दो शुमार
इसके हाथों से मिला हाथ न इक जा पे क़रार। कभी सहरा को गई और कभी सूये कुहिसार
इसने इस तरह की आफ़त में है डाला मुझको। पड़ी ज़हमत में हूँ अब तक न निकाला मुझको
ये न समझी थी करेगी ये जफ़ा आफ़ते इश्क़। जान पर लायेगी मेरी ये बला आफ़ते इश्क़
रंजो ग़म बेगाने से कर देगी जुदा आफ़ते इश्क़। सैंकड़ों आफ़तों से ये है सिवा आफ़ते इश्क़
वस्ल से उसने न इक रोज़ कभी शाद किया। और किया भी तो मुझे जान से बरबाद किया
आह इस मूज़ी से बेतरह पड़ा है पाला। है २ इसने मुझे हर एक बला में डाला।
मैंने कुछ आह इस आफ़त में न देखा भाला। अब तो है जान का अल्लाह मेरे रखवाला
करूँ अब इसकी शिकायत मैं कहाँ तक अरक़ा। है हर एक किस्से से ये तूल हिकायत अख़फ़ा

जवाब देना शाहज़ादे का

मर्ज़े इश्क़ का सच है कोई बीमार न हो। और आज़ार हो पर आह ये आज़ार न हो
कोई आशिक़ किसी माशूक़ का ज़िन्हार न हो। ता मुक़दूर कोई मायले दिल्दार न हो।
ये बला इश्क़ वह है जिससे हर एक बेहतर है। इससे करता रहे परहेज़ बशर बेहतर है २ ।
जान से कर दिया मजनूँ को इसी ने बरबाद। और इसने किया बद्ला है ख़ूने फ़रहाद
वस्ल से रक्खा है दामन को इसी ने नाशाद। ये वह ज़ालिम है कि है ज़ुल्म कि जिस्से बुनियाद
चैन इसमें कहाँ इन्सां को आराम कहाँ। याँ सिवा रंज के राहत का सरंजाम कहाँ
अहले क़ज़ा है इससे बशर माँगे ये वह है आज़ार। मर गये आज तक इस मर्ज़ के लाखों बीमार
और रुसवाई है इसमें हुई बेहद्दो शुमार। फिर के आये न कभी जो गये सूये कोहिसार
उनको क्या जाने कहाँ जाके डुबोया इसने। फिर पता तक न लगा ऐसा है खोया इसने
सच तो यों है कि बलाख़ेज़ वह आफ़त है इश्क़। जान के लेने को हर तरह क़यामत है ये इश्क़
बाइसे सख़्ती व निशाना व मलामत है ये इश्क़। व ख़ुदा इस मर्ज़े दिल की अलामत है ये इश्क़
राह उल्फ़त में जो देखा तो यही रहज़न है। दोस्त ज़िन्हार किसी का नहीं ये दुश्मन है।
इस सितमगार से अल्लाह न डाले पाला। इसने लाखों के तईं आह बला में डाला।
नहीं जाता है ये कमबख़्त किसी से टाला। इस बला का करे अल्लाह कहीं मुँह काला

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

तुमसे अख्तर दहूं क्या आके मैं दगाबाजी की। इस दगाबाज़ी ने लाखों से दगाबाज़ी की

होली गाना सिन्ध मुल्तानी में

खेल रही मैं होली सखैं मैं ॥ ✣ ॥ नन्दलाला बनवारी रे ॥ ✣ ॥
काहू की सारी रंग में भिजोई ॥ ✣ ॥ काहू को देत हैं गारी रे ॥ ✣ ॥

खेल रही मैं

छीन लई मोरी चूनर सरसों । ✣ । और सारी पिचकारी रे ॥ ✣ ॥
जो भाजत है लाज की मारी ✣ । सब मिल देत हैं तारी रे ॥ ✣ ॥

खेल रही मैं

मान गुमान राखने हारी ✣ । हम हैं तुम्हरे भिखारी रे ॥ ✣ ॥
अख्तर को मोहि आन मिलाओ । मैं तोरे बलिहारी रे ॥ ✣ ॥

खेल रही मैं

होली बीच धुन धनाश्री के

मोहि देत दरस नहिं एक बार ✣ । मेरो मन नहिं मानत करत रार ✣ ।

मोहि देत दरस नहिं एक बार

औरन के संग रंग उड़ावत ✣ । फाग खेलत हो बार २ । ✣ ।
हमतो जरत बरत होरी से ✣ । बिरहा की है मार २ । ✣ ।

मोहि देत दरस नहिं एक बार

कोऊ गुलाल मलत गालन में ✣ । कोऊ चलत गल बहियां डार । ✣ ।
हम पर सब रूप रंग बरसत है ✣ । पिचकारिन की भरी फुहार । ✣ ।

मोहि देत दरस नहिं एक बार

इस मदारी साहब की बलिहारी ✣ । सुन लिये सब की पुकार ✣
अख्तर को कोऊ आन मिलाओ ✣ । तन मन धन सब डारूं बार ✣

मोहि देत दरस नहिं एक बार

इन्दर सभा समाप्तम्

सम्बत् १९३७

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

नाम किताब	नाम किताब	नाम किताब
दूसरी पुस्तक रामायण माला	देवी भागवत नागरी	जनक पच्चीसी
तीसरी रामायण गीताष्टक	कल्प सूत्र भाषा	शृंगार प्रकाश
चौथी ज्ञान दोहावली	राम ब्याहोत्सव	दोहावली रत्नावली
पांचवीं रस सारिणी	बिहारी सतसई सटीक	स्त्री दर्पण
छठी तिथि बोध	विश्राम सागर	समर विहार बिन्द्रावन
सातवीं पुस्तक मालदस्तकृत	रामलगन	रमल सार
सत्य नारायण की कथा सटीक	मनुस्मृति उर्दू टीका सहित	कथा चित्रगुप्त
शनिश्चर की कथा	वैष्णवी सन्ध्या	कायस्थ दर्पण
रामकलेवा	याज्ञवल्क्य भाषाटीका स०	कृष्ण बाल लीला
तुलसी शब्दार्थ प्रकाश	प्रबोध चन्द्रोदय नाटक	गीत गोविन्द सटीक
कविकुल कल्पतरु भाषा	आनन्दाम्बु वर्षिणी	रामाभिषेक नाटक
प्रेमरत्न	निर्णयसिन्धु	सिंहासन बत्तीसी
बनयात्रा	ज्ञानमाला	शुक बहत्तरी
भजनावली	दैवज्ञाभरण	अपूर्व कथा अर्त्थात् गु-
बारह मासा फ़क़ीर अल्लाबख़्श	ज्ञान चालीसी	लबकावली
बारहमासा बलदेवप्रसादकृ०	ठाकुर दिग्विजय भाषा	गुलसनोबर नागरी
कृष्णसागर	योग वाशिष्ठ देवनागरी में	चित्रचन्द्रिका
मनोरञ्जन	मार्कण्डेयपुराण	छन्दोर्णव पिङ्गल
हारीत स्मृति नागरी	बैताल पच्चीसी	अवतार कथामृत
भगवद्गीता सटीक नागरी	दानलीला नागलीला	हिदायत नामा मालगुज़ारी
रामायण राम बिलास	सभा बिलास	हिदायत नामा बन्दोबस्त
यमुना लहरी	विक्रम बिलास	विद्यार्थी की प्रथम पुस्तक
षट्पञ्चाशिका	इन्द्रजाल नागरी	बाला बोध
विनयपत्रिका सटीक	कायस्थ कुल भास्कर	गरुड़ पुराण प्रेत कल्प
किताब पटवारी ४ भाग	क़िस्सह गोपी चन्द भरतरी	सांख्य तत्त्व कौमुदी
रसराज	बहार बिन्द्रावन	मनोहर कहानी
कृष्णप्रिया	पद्मावती खण्ड आल्हखंड	
भगवद्गीता विष्णुसहस्रनाम	लावनी बशीर बनारसी	**क़ानून**
प्रसहित	युगल बिलास	
ज्ञानस्वरोदय	भाषा महाभारत विजय	ताज़ीरात हिन्द अर्त्थात्
भरतरी गीत	मुक्तावली	ऐक्ट ४५ सन् १८६० ई०

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

नामकिताब	नामकिताब	नामकिताब
ऐक्ट २५ सन् १८६६ ई०	विद्याङ्कुर	किष्किन्धाकाण्ड
ज़ाबिते फ़ौजदारी	बालबोध	सुन्दरकाण्ड
मजमूआ ऐक्ट लगान अव-	भाषा [illegible]दय	लङ्काकाण्ड
ध जिसके साथ नीचे लिखे	इंगलिस्तान का इतिहास	उत्तरकाण्ड
हुये ऐक्ट सयुक्त हैं॥	गणित लता १ भाग	अक्षरारम्भ
ऐक्ट १० सन् १८७७ ई० जरीद	तथा २	भाषातत्त्व दीपिका
ऐक्ट १९ सन् १८६३ ई०	तथा ३	बालाभूषण
ऐक्ट १४ सन् १८६५ ई०	गणित प्रकाश १ भाग	हिदायत नामा मुदर्रिसान्
ऐक्ट १६ सन् १८६२ ई०	तथा २	हल्कह बन्दी
ऐक्ट नं० [illegible] सन् १८६६ ई०	तथा ३	शिक्षावली
ऐक्ट २० सन् १८६६ ई०	तथा ४	भोज प्रबन्ध सार
ऐक्ट २४ सन् १८७० ई०	शिशुबोध	राजनीति
ऐक्ट १० सन् १८५९ ई०	पशुचिकित्सा	स्त्रियों की हित पत्रिका
ऐक्ट ५ सन् १८६१ ई०	क्षेत्रचन्द्रिका १ भाग	अवध भूगोल
ऐक्ट १० सन् १८६२ ई०	तथा २	कवित्त रत्नाकर
ऐक्ट १८ सन् १८६९ ई०	रेखागणित १ भाग	भूगोल वर्णन
ऐक्ट ३६ सन् १८६७ ई०	तथा २	बीजगणित १ भाग
ऐक्ट नं० २९ सन् १८६० ई०	सूरजपुर की कहानी	तथा २
क़वायद रेलवे और उसके	विद्याचक्र	कैथी वर्णमाला
साथ क़ानून भी हैं॥	भूगोलतत्त्व	महाभारत भाषा छन्दप्रबन्ध
ऐक्ट १९ सन् १८७३ ईसवी	पदार्थविद्यासार	में जो श्री मन्महाराजाधिराज
अर्थात् क़ानून लगान मु-	वर्णप्रकाशिका १ भाग	उदितनारायणसिंहजी काशी
मालिक मग़रबी व शिमाली	मङ्गलकोष	नरेश ने गोकुलनाथादि कवी-
ऐक्ट १२ सन् १८७४ ई०	पत्रदीपिका	श्वरों से रचना कराय कलकत्ते
ऐक्ट २० सन् १८७२ ई०	भारत खण्डिका	में छपवाया था वही श्रीयुत
सरिश्ते तालीम की पुस्तकें	क्षेत्रप्रकाश	माधवसिंह गढ़ अमेठी नरेश
भाषा लघु व्याकरण १ भाग	पत्रहितैषिणी	की सहायता और अनुराग
तथा २	रामायण सातों काण्ड	से इस यन्त्रालय में अत्युत्तम
धात्वर्णव	बालकाण्ड	टैप के पुष्ट अक्षरों में १९ पर्व
अक्षरावली	अयोध्याकाण्ड	बड़ी शुद्धता से छपा है॥
अक्षरदीपिका	आरण्यकाण्ड	

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri